HINDI UPP (22 JANUARY 2018)

समास

दो या दो से अधिक शब्दों को मिलाकर एक नया यौगिक शब्द बनाने को समास कहते है।

समास में मुख्यत: तीन बिन्दु महत्वपूर्ण है।

समस्तपद	पूर्वपद	उत्तरपद

समास के भेद

1. अव्ययीभाव समास
2. तत्पुरूष समास
3. कर्मधारय समास
4. द्विगु समास
5. द्वन्द समास
6. बहुब्रीहि समास

अव्ययीभाव समास

जिस समस्त पद में पूर्व पद प्रधान हो और उसके योग से समस्त पद भी अव्यय बन जाये तो वह अव्ययीभाव समास कहलाता है।

कई बार एक ही शब्द की दो बार आवृति होती है उससे जो अव्यय बनते है अव्ययीभाव समास कहलाता है।

तत्पुरूष समास

जिस समास में द्वितीय पद प्रधान होता है उसे तत्पुरूष समास कहते है। इस समास में प्रथम पद विशेष्य होता है एवं पहले पद के विभक्ति चिन्ह हटा दिये जाते है। यह छ: प्रकार के होते है।

1. कर्म 2. करण 3. सम्प्रदान
4. अपादान 5. संबध 6. अधिकरण

कर्मधारय समास

जिस समास का पूर्वपद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य हो, उसे कर्मधारय समास कहते है।

द्विगु समास

जिस समास में पूर्वपद संख्यावाचक होता है और किसी समूह का बोध कराता है।

द्वन्द समास

जिस समस्तपद में दोनों पद प्रधान हो और विग्रह करने पर 'एंव' और 'तथा' आदि योजक शब्द लगते हों, वहाँ द्वन्द समास होता है।

बहुब्रीहि समास

जिस समास का कोई भी पद प्रधान नहीं होता बल्कि कोई अन्य ही प्रधान होता है। उसे बहुब्रीहि समास कहते है।

1. निम्नलिखित में से बहुब्रीहि समास पहचानिए।
(1) सहस्राक्ष (2) चन्द्रमौलि (3) गिरिधर (4) पीतसागर
(क) 1, 3, 4 (ख) 2, 3, 4 (ग) केवल 4 (घ) 1, 2, 3,
उ. घ

2. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्दों को पहचानिए?
(1) क्षत्र (2) उँचाई (3) प्रसंशा
(4) साधुवाद (5) भस्मिभूत
(क) 1, 2 (ख) 3, 5 (ग) केवल 3 (घ) केवल 4
उ. घ

3. निम्नलिखित में से तद्भव शब्दों को पहचानिए।
(1) दुबे (2) धान (3) दाह
(4) तेल (5) मेढ़क
(क) 1, 2, 3, 4 (ख) 1, 2, 5 (ग) 1, 2, 4, 5 (घ) 2, 4
उ. ग

4. निम्नलिखित में से महाकाय पर्यायवाची है?
(क) ब्रहा (ख) शिव (ग) इन्द्र (घ) गणेश
उ. घ

5. अरण्य रोदन मुहावरे का अर्थ है।
(क) ऐसा कथन जिस पर कोई ध्यान न दे।
(ख) शोक में डूबना
(ग) अपना दु:ख
(घ) इनमें से कोई नहीं
उ. क

6. विस्मय स्थायी भाव की परिपक्वावस्था को कहते है।
(क) वात्सल्य रस (ख) वीभत्स रस
(ग) अद्भुत (घ) इनमें से कोई नहीं
उ. ग

7. मुन्ना तब मम्मी के सिर पर देख-देख दो चोटी
भाग उठा भय मान कर सिर पर साँपिन लोटी – में निहित अलंकार है।
(क) संदेह अलंकार (ख) भ्रन्तिमान अंलकार
(ग) अतिशयोक्ति अलंकार (घ) विरोधाभास
उ. ख

8. किस प्रकार के छंद में चरणों में मात्रा अथवा वर्णों की संख्या का कोई नियम नही रहता-कहलाता है।
(क) वार्णिक छनद (ख) मुक्तक छन्द
(ग) उभय (घ) इनमें से कोई नहीं
उ. ख

9. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य को पहचानिए।
(क) आप पढ़ो
(ख) मुझे बहुत पुस्तकों कों पढ़ना पड़ता है।
(ग) सारे देश भर में यह बात फेल गयी है।
(घ) विश्वनाथ और गोविन्द में तेज कौन है।
उ. घ

10. इस मोहल्ले में सातो घर बहुत अच्छे बने है। में सातो घर विशेषण है।
(क) क्रमबोधक (ख) समुदाय बोधक
(ग) प्रत्येक बोधक (घ) परिमाण वाचक
उ. ख

11. निम्नलिखित में से विशेष्य शब्दों को पहचानिए।
(1) तृप्त (2) तृप्ति (3) कथन (4) उत्साह (5) चम्पा
(क) 1, 2, 3 (ख) 2, 3 , 4, 5
(ग) 1, 3, 4, 5 (घ) 3, 4, 5
उ. ख

12. निम्नलिखित में से शब्द और विलोम का कौन सा जोड़ा सुमेलित नही है।
(क) विहित – निषेध (ख) अथ – इति
(ग) गुप्त – प्रकट (घ) अज्ञ – सर्वज्ञ
उ. घ

13. बचपन और यौवन के बीच की संधि के लिये एक शब्द है।
(क) मध्यमावस्था (ख) उत्तमासंधि
(ग) वय:संधि (घ) समन्वय संधि
उ. ग

14. निम्नलिखित में से किसमें 'य' प्रत्यय नही है?
(क) गंतव्य (ख) पूज्य
(ग) निर्दय (घ) पठ्य
उ. क

15. जयद्रथवध के लेखक है।
(क) बिहारी (ख) सुमित्रानन्दनपंत
(ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) अयोध्या सिंह उपाध्याय
उ. ग

16. रचना द्वारा कविता रची जाती है। में वाच्य है।
(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य
(ग) भाववाच्य (घ) द्विकर्मवाच्य
उ. ख

17. माधुरी नाच रही थी में भूत है?
(क) पूर्ण भूत (ख) अपूर्ण भूत
(ग) आसन्न भूत (घ) हेतुहेतुमद भूत
उ. ख

18. 'मूढ' का अर्थ है?
(क) जड़ बुद्धि वाले (ख) जिसे हित अहित का ज्ञान न हो
(ग) अत्यधिक मूर्ख (घ) पागल व्यक्ति
उ. ग

19. चण्डूखाने की गप मुहावरे का अर्थ है।
(क) बेतुकी बाते (ख) व्यर्थ की निंदा
(ग) जोर-जोर से बातचीत करना (घ) इनमें से कोई नहीं
उ. क

20. आनन्द कादिम्बिनी पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता है।
(क) मथुरा (ख) आगरा
(ग) मिर्जापुर (घ) बहराइच
उ. ग

21. रामचरित मानस की भाषा क्या है?
(क) संस्कृत (ख) हिन्दी
(ग)ब्रजभाषा (घ) अवधी
उ. घ

22. आदिकाल को बीरगाथा काल किसने कहा है?
(क)प्रेमचंद (ख)जयशंकर प्रसाद
(ग)सरदार सम्पूर्ण सिंह (घ) इनमें से कोई नहीं
उ. घ

23. सूर्योदय में संधि है।
(क) दीर्घ (ख) वृद्धि
(ग) गुण (घ) अयादि
उ. ग

24. निम्नलिखित में से अष्टछाप के कवि है?
(1) नंददास (2) कृष्णदास (3) परमानंद दास
(4) क्षीरदास (5) तुलसीदास
(क) 1, 3, 5 (ख) 1, 4, 5
(ग) 1, 2, 3 (घ) 1, 2, 3, 4
उ. ग

25. भूतकाल के कितने भेद माने गये?
(क) 3 (ख) 4
(ग) 5 (घ) 6
उ. घ

Mahendra's
YOUR SUCCESS IS OUR SUCCESS
Specialized in Banking, SSC, Railway & other Competitive Examinations
TOLL FREE NO : 1800-103-5225 (9 am to 6 pm